आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 13.11.2024

मुख्य समाचारः–

1– प्रदेश में कल से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी–ढाई हजार से अधिक उपार्जन केन्द्र बनाए गए।

2– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिलासपुर सहित देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भारतीय जन औषधि केंद्रों का किया शुभारंभ।

3– भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में आज जशपुर में निकाली गई 'माटी के वीर' पदयात्रा–केंद्रीय मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी हुए शामिल।

4– रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के तहत आज हुआ मतदान–तेईस नवंबर को होगी मतगणना।

धान खरीदी

प्रदेश में कल चौदह नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होगी। धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा करने खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने रायपुर में राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। खाद्य मंत्री ने बताया कि इस खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में पंजीकृत किसानों की संख्या सत्ताईस लाख से अधिक है। श्री बघेल ने बताया कि सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है।

आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अनबल्गन पी. ने बताया कि राज्य में दो हजार सात सौ से अधिक उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी।

किसानों को धान बेचने संबंधी शिकायत और निवारण के लिए हेल्प लाइन नंबर शून्य सात सात एक – दो चार दो पांच चार छह तीन (0771–2425463) जारी किया गया है। अन्य राज्यों से धान की आवक रोकने के लिए राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष निगरानी की व्यवस्था और चेकपोस्ट बनाए गए हैं। प्रदेश के किसानों से धान खरीदी इकतीस जनवरी तक की जाएगी।

सहकारी समिति–हड़ताल समाप्त

धान खरीदी शुरू होने से एक दिन पहले प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों और कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी है। समिति कर्मचारियों की पिछले छह वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग को पंजीयक सहकारी संस्था ने मान लिया है और समिति कर्मचारियों के वेतन और भत्ते में पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

पीएम–जन औषधि केन्द्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अट्ठारह प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ किया। इनमें छत्तीसगढ़ का बिलासपुर स्टेशन भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने बिहार के दरभंगा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की अन्य विकासात्मक परियोजनाओं के साथ इन केंद्रों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार, देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए समग्र

दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान लोगों को किफायती और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और दवाएं उपलब्ध कराना है।

*बिलासपुर स्टेशन से रोजाना 130 यात्री ट्रेनें गुजरती हैं। बिलासपुर स्टेशन हावड़ा–मुंबई रेलमार्ग पर स्थित है। इस स्टेशन में प्रतिदिन करीब 1 लाख यात्रियों की आवाजाही होती है। स्टेशन परिसर में आज से शुरू हुए जन औषधि केन्द्र में उच्च गुणवत्ता की दवाइयां जेनेरिक रूप में उपलब्ध होंगी, जो ब्रांडेड दवाइयों के मुकाबले 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर मिलेंगी। रेलवे स्टेशन परिसर पर यह सुविधा उपलब्ध होने से यात्रियों के साथ स्थानीय जनता को भी राहत मिलेगी। खासकर उन लोगों को जिनके पास दवाइयां खरीदने के लिए सीमित संसाधन हैं।*

जशपुर–पदयात्रा

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आज जशपुर में 'माटी के वीर' नाम से पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में केंद्रीय खेल, युवा कल्याण और श्रम मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इस पदयात्रा का आयोजन माय भारत वॉलिंटियर्स द्वारा किया गया। सात किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा में करीब दस हजार से अधिक युवा शामिल हुए। यह पदयात्रा जशपुर के बाला छापर से शुरू होकर रणजीता स्टेडियम पर संपन्न हुई।

पदयात्रा के शुभारंभ मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉक्टर मांडविया ने कहा कि देश, खासकर जनजाति इलाकों के युवा, भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेकर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर डॉक्टर मांडविया ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव के आग्रह पर जशपुर नगर में सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण की घोषणा की।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनजातीय संस्कृति को बचाने की चिंता सनातन संस्कृति को बचाने की चिंता ही है और जनजातीय संस्कृति का गौरवगान दरअसल सनातन संस्कृति का गौरवगान ही है।

माटी के वीर पदयात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन वृत्त पर आधारित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में खेल सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले जनजातीय युवाओं तथा माई भारत से जुड़े वॉलेंटियर को सम्मानित भी किया गया। आयोजन स्थल पर जनजातीय नायकों की जीवन गाथा, जनजातीय संस्कृति और परंपराओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई।

*माटी के वीर पदयात्रा का उद्देश्य आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान का सम्मान करना है। इस पदयात्रा के जरिए माय भारत यूथ वॉलिंटियर्स ने आदिवासी विरासत की रक्षा करने और इन समुदायों के बीच सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता लाने के अपने संकल्प का प्रदर्शन किया। इस आयोजन के जरिए जनजातीय विरासत और संस्कृति की गहन समझ को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार की कल्याणकारी पहलों में आदिवासी समुदाय को सक्रिय रूप से शामिल करने का प्रयास किया गया।*

*समाचार डेस्क, आकाशवाणी, रायपुर।*

उपचुनाव–मतदान

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए आज मतदान संपन्न हो गया है। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शाम छह बजे तक चला।
ताजा जानकारी के अनुसार इस उपचुनाव में करीब 50 प्रतिशत से अधिक लोगों ने वोट डाले हैं। हालांकि, यह आंकड़े अभी अंनतिम हैं। पांच बजे तक मिले आंकड़ों के अनुसार 46 प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान दर्ज किया गया था।

*आज हुए मतदान के लिए दो सौ छियासठ पोलिंग बूथ बनाए गए थे। सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं, ताकि मतदाताओं को परेशानी न हों। इस विधानसभा क्षेत्र में करीब दो लाख इकहत्तर हजार मतदाता हैं। यहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों से अधिक हैं। आज हुए मतदान के बाद 30 उम्मीदवारों का भाग्य ईव्हीएम में कैद हो गया है। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी और कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के बीच देखा गया। यह सीट पूर्व विधायक बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा के लिए चुने जाने पर खाली हुई थी।*

*अभिषेक कुमार, आकाशवाणी समाचार, रायपुर।*

इस उपचुनाव के लिए मतगणना 23 नवंबर को होगी और इसी दिन परिणाम जारी कर दिए जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार–01

– उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से आज नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की।

– रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

– बर्खास्त आईपीएस अधिकारी जी.पी. सिंह के खिलाफ पिछली सरकार द्वारा दर्ज की गई तीनों एफआईआर को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया है।

– नवा रायपुर स्थित हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय द्वारा सोलह नवंबर को 'साइबर कानून और महिलाएं: एक महत्वपूर्ण विश्लेषण' पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

– राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय रायपुर के क्षेत्रीय परिसर मे वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण में चयनित इकाइयों को अपनी विवरणियां स्वयं भरने के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला अयोजित की गई।

– रायपुर जिले के बरोंडा स्थित राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान द्वारा पशु विकास विभाग के सहयोग से कल तिल्दा ब्लॉक के केवतारा गांव में एकदिवसीय "पौधा और पशु स्वास्थ्य शिविर" का आयोजन किया गया।

– जांजगीर की कांग्रेस पार्षद दुलौरिन चौरसिया अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गई हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई।

**संक्षिप्त समाचार–02**

– प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने बिलासपुर के रहने वाले के.के. श्रीवास्तव के खिलाफ करीब पांच सौ करोड़ रूपये का ठेका दिलवाने के नाम पर कथित रूप से की गई पंद्रह करोड़ रूपये की ठगी के आरोप में पी.एम.एल.ए. और एफ.ई.ओ.ए. के तहत मामला दर्ज किया है।

– भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस में गैस लीक होने से तीन ठेका श्रमिक बेहोश हो गए हैं। तीनों का इलाज सेक्टर–नौ अस्पताल में चल रहा है।

– दंतेवाड़ा जिला अस्पताल के चारों ऑपरेशन थिएटर को इंफेक्शन की आशंका के चलते पैंतालीस दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। पैंतालीस दिनों तक जिला अस्पताल में कोई भी सर्जरी नहीं होगी।

– कोरबा जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक निर्माणाधीन भवन गिरने से दो मजदूर सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>